RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 22 • 05:02:2024 • सोमवार • मूल्य : 5/-




# प्रधानमंत्री मोदी ने तालाबीरा बिजली परियोजना की आधारशिला रखी

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडिशा में एनएलसी इंडिया की तालाबीरा ताप बिजली परियोजना के पहले चरण की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''हम हमेशा अपने वादों को पूरा करते हैं। यह सरकार किसी भी परियोजना का सिर्फ शिलान्यास नहीं करती है, उद्घाटन भी सुनिश्चित करती है। यह ताप बिजली परियोजना सुनिश्चित करेगी कि ओडिशा को चौबीसों घंटे बिजली की आपूर्ति भी मिले और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर खुलें। कोयला आधारित इस परियोजना पर 27,000 करोड़ रुपये का निवेश होने का अनुमान है। इस परियोजना के शुरुआती चरण की क्षमता 2,400 मेगावाट होगी। दूसरे चरण में 8,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ अतिरिक्त 800 मेगावाट क्षमता जोड़ी जाएगी। इस अवसर पर ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास, मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और अश्विनी वैष्णव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## मोदी असम को देंगे 11 हजार करोड़ की सौगात

प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय असम दौरे पर हैं। इस दौरान वह भाजपा की राज्य कोर समिति से मुलाकात करेंगे और लगभग 11,600 करोड़ रुपये की विकास परियोजना की शुरुआत करेंगे। पीएम मोदी आज असम को 11 हजार करोड़ की बड़ी योजनाओं का इनॉगरेशन करेंगे। जिसमें 498 करोड़ की लागत से बनने वाला मां कामाख्या परियोजना, 358 करोड़ की एयरपोर्ट टर्मिलन सिक्स लेन, फुटबॉल स्टेडियम (831 करोड़) और चंद्रपुर में नया खेल परिसर (300 करोड़) के प्रोजेक्ट का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा पीएम मोदी असम माला सड़क परियोजना के दूसरे संस्करण की शुरुआत भी करेंगे। बता दें कि इस फेज में 43 नई सड़कें बनाई जाएंगी। जबकि 38 कंक्रीट के पुल बनाए जाएंगे। जिसमें कुल 3,444 करोड़ का निवेश होगा। गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज की जिस मेडिकल कॉलेज की नींव मोदी रखेंगे उसमें 3,250 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

## भारतीय नौसेना की तैनाती को लेकर मोदी सरकार का बड़ा प्लान

एजेंसी। नई दिल्ली

मालवाहक जहाजों पर होने वाले हमले रोकने और समुद्री लुटेरों पर लगाम को लेकर केंद्र की मोदी सरकार ने बड़ा कदम उठाया हैं। रक्षा मंत्रालय ने जिबूती से लेकर अदन की खाड़ी और सोमालिया तक भारतीय नौसेना की तैनाती का प्लान बनाया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर निर्णय हुआ। इसमें मालवाहक जहाजों के संरक्षण के लिए भारतीय नौसेना की यूनिट्स को जिबूती, अदन की खाड़ी, सोमालिया के पूर्वी तट के साथ ही उत्तर और मध्य अरब सागर में भी तैनात किया जा रहा है। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने लोकसभा में इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि नौसेना ने अदन की खाड़ी और अफ्रीका के पूर्वी तटीय क्षेत्र में जलदस्यु रोधी गश्ती के लिए 2008 से अपनी यूनिट्स को तैनात किया था।



कुल 3,440 जहाजों और 25 हजार से अधिक नाविकों को सुरक्षा प्रदान की गई। लाल सागर में नवंबर महीने से ईरान समर्थित हूती उग्रवादियों ने अनेक मालवाहक जहाजों पर हमले किए थे। इसको लेकर वैश्विक चिंताएं बढ़ रही हैं। रक्षा राज्य मंत्री ने प्रश्न के उत्तर में कहा कि नौसेना हमलों में शामिल सूत्रों और भागीदारों की पहचान करने के लिए सहयोगी देशों के साथ सूचना साझा कर रही है। भारतीय नौसेना ने पिछले कुछ सप्ताह के दौरान अरब सागर में अनेक मालवाहक पोतों पर हमलों के बाद उन्हें सहायता प्रदान की है।

# पीएम को तीसरी बार मौका दीजिए भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा



एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता से आह्वान करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की कुर्सी सौंपिए, भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने हाल ही में आयोजित कबीर महोत्सव-2024 के समापन समारोह में 360 करोड़ की 114 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास करने के बाद समारोह में कहा कि देश बदल रहा है, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत में 140 करोड़ लोगों का गौरव बढ़ा है। जानकारी के मुताबिक जारी किए गए एक अधिकारिक बयान के अनुसार योगी ने कहा कि शक्तिशाली होने पर देश समर्थ होता है, समर्थ होने से समृद्धि आने लगती है। इस समृद्धि को देखते हुए भारत आज दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। योगी ने जनता से आह्वान किया कि 2024 में मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की कुर्सी सौंपिए, भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। बयान के अनुसार संत कबीर स्थली पर 600 जोड़ों के सामूहिक विवाह में पहुंचे मुख्यमंत्री ने उन्हें आशीर्वाद भी दिया। योगी ने इंटीग्रेटेड कमांड व कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) की शुरुआत भी की। गौरतलब है कि योगी आदित्यनाथ ने कबीर की चर्चा करते हुए कहा कि मध्यकाल के इस महान संत ने चुनौती को कबूल किया था। मगहर के बारे में मान्यता थी कि यहां जाने पर नरक मिलता है, यह बंजर क्षेत्र था। यहां की मिट्टी नमकीन और पानी खारा था, लेकिन उनके चमत्कार ने इसे स्वर्णमयी बना दिया। उन्होंने कहा कि यहां पवित्र आमी नदी बह रही है। जैसी फसलें सब जगह होती हैं, वैसे ही यहां भी होती हैं। यहां का पानी मीठा हो गया और संत कबीर के चमत्कार से यह जनपद चमत्कृत हो गया।

## शाह से मुलाकात के बाद मणिपुर के मुख्यमंत्री बोले- केंद्र लोगों के हित में अहम फैसले लेगा

**नई दिल्ली/इंफाल**। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद कहा कि केंद्र मणिपुर के लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए कुछ महत्वपूर्ण फैसले लेने के लिए तैयार है। जो पिछले नौ महीनों में जातीय हिंसा से तबाह हो गया है। गृहमंत्री से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया, "आज मुझे नई दिल्ली में माननीय केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी से मिलने का गौरव प्राप्त हुआ। गहन आदान-प्रदान में संलग्न होकर, हमने अपने राज्य से संबंधित सर्वोपरि महत्व के मामलों पर चर्चा की। निश्चिंत रहें, भारत सरकार मणिपुर के लोगों के हित में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए तैयार है।" सिंह ने एक अन्य पोस्ट में कहा, "केंद्रीय गृहमंत्री के साथ बैठक के बाद मैंने नॉर्थ ब्लॉक में गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। मणिपुर में शांति को बढ़ावा देने के लिए किए गए रणनीतिक उपायों पर सार्थक चर्चा हुई।" इंफाल में एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने शाह और गृह मंत्रालय के अधिकारियों को मणिपुर, खासकर सीमावर्ती शहर मोरेह की ताजा स्थिति से अवगत कराया।

## संक्षिप्त

### योगी बने भारत के नंबर-1 सीएम




**लखनऊ**। सोशल मीडिया पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फॉलोअर्स के मामले में देश के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री बन गए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर योगी के पर्सनल अकाउंट के कुल 2.74 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हो गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक्स पर फॉलोअर्स के मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल (2.73 करोड़) को पीछे छोड़ दिया है। इसके साथ ही सीएम योगी एक्स पर पीएम मोदी और अमित शाह के बाद तीसरे सबसे लोकप्रिय राजनेता बन गए हैं। एक्स पर पीएम मोदी के 9.51 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हैं तो अमित शाह के 3.44 करोड़ फॉलोअर्स हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोशल मीडिया पहुंच राहुल गांधी और अखिलेश यादव जैसी प्रमुख राजनैतिक हस्तियों से कहीं अधिक है, जिनके एक्स पर क्रमशः 24.8 मिलियन और 19.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं। अपने निजी एक्स अकाउंट के अलावा, योगी आदित्यनाथ का निजी कार्यालय अकाउंट भी काफी ध्यान आकर्षित करता है, जिसके फॉलोअर्स की संख्या 10 मिलियन से अधिक है। जनवरी 2019 में शुरू हुआ यह अकाउंट देश का सबसे बड़ा इंडिविजुअल ऑफिस अकाउंट बन गया है।

### रोजगार नहीं, बेरोजगारी की गारंटी हैं मोदी: प्रियंका



**नई दिल्ली**। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि पीएम मोदी रोजगार नहीं, बेरोजगारी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव आते ही गारंटी की बात करने लगते हैं लेकिन सच यह है कि मोदी रोजगार नहीं, बेरोजगारी की गारंटी हैं। रविवार को श्रीमती वाड्रा ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार देश में करीब 30 लाख सरकारी पद खाली हैं। जबकि हमारे देश के करोड़ों युवा नौकरियों का इंतजार कर रहे हैं लेकिन पिछले 10 साल में भाजपा सरकार ने इन पदों को भरने के लिए दिखावे के सिवा कुछ नहीं किया है। प्रियंका ने कहा कि जुलाई 2022 में सरकार ने संसद को जानकारी दी थी कि आठ साल में 22 करोड़ युवाओं ने नौकरी के लिए आवेदन किया लेकिन नौकरी केवल सात लाख युवाओं को ही मिली। यानी लगभग 21.93 करोड़ योग्य युवा बेरोजगार ही रह गए। सालाना दो करोड़ नौकरियों का वादा करने वाली भाजपा सरकार न पहले से मौजूद नौकरियां दे पाई, न ही नये रोजगार बना सकी। प्रियंका ने कहा कि प्रधानमंत्री चुनावों में गारंटी तो देते हैं। असल में उनकी गारंटी बेरोजगारी की ही गारंटी मात्र है।

# बिहार कांग्रेस को ऑपरेशन लोटस का डर

एजेंसी। पटना

**18 विधायकों को चार्टर्ड प्लेन से हैदराबाद भेजा, 12 फरवरी को फ्लोर टेस्ट में होंगे शामिल**

बिहार कांग्रेस को ऑपरेशन लोटस का डर सता रहा है। टूट के डर से कांग्रेस ने राज्य के 19 में से 18 विधायकों को दिल्ली से हैदराबाद भेज दिया है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन झा के साथ ये विधायक चार्टर्ड प्लेन से हैदराबाद के RGI एयरपोर्ट पहुंचे। कांग्रेस विधायकों को बिहार विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने पर बुलाया जाएगा। 12 फरवरी से सत्र शुरू हो रहा है, उसी दिन NDA की सरकार अपना बहुमत साबित करेगी। दरअसल, कांग्रेस की बैठक दिल्ली में शनिवार की शाम हुई थी। इसमें बिहार कांग्रेस के सभी 19 विधायक मौजूद रहे। यहीं विधायकों को हैदराबाद भेजने की रणनीति बनीं।




**दलबदल से बचने के लिए 19 में से 13 को टूटना होगा** : बिहार में कांग्रेस के 19 विधायक हैं। इनमें से 12 विधायक खांटी कांग्रेसी हैं। दलबदल में विधायकी कायम रखते हुए 13 का टूटना जरूरी होगा। सामने लोकसभा का चुनाव है। एनडीए गठबंधन लोकसभा चुनाव लड़ने का मौका देने के साथ ही मंत्री पद का लोभ भी कांग्रेस विधायकों को दे सकता है। तेजस्वी यादव ने पहले ही कह दिया है कि खेला तो बिहार में अब शुरू होगा। दूसरी तरफ एनडीए घटक दल हम पार्टी के सुप्रीमो जीतन राम मांझी एक और मंत्री पद की मांग कर चुके हैं। वे आगे कुछ भी फैसला ले सकते हैं। इसलिए एनडीए की नजर महागठबंधन की पार्टियों पर है।

**विधायक बंधुआ मजदूर नहीं- विजय सिन्हा** : बिहार कांग्रेस में टूट के डर को लेकर डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस में लोग डरे हुए हैं। उन्हें अपने विधायकों पर भरोसा नहीं है। वो विधायकों का अपमान करते हैं। कांग्रेस को इस सोच से मुक्त होना चाहिए कि विधायक एक बंधुआ मजदूर है। विधायक जनता का फैसला लाते हैं और उन्हें अपना निर्णय स्वयं लेने में सक्षम होना चाहिए।

### ऑपरेशन लोटस का क्या है मतलब

2008 में ऑपरेशन लोटस शब्द पहली बार कर्नाटक में सियासी उठा-पटक के दौरान चर्चा में आया था। वैसे ऑपरेशन लोटस बीजेपी का कोई अभियान नहीं है, बल्कि विपक्ष जोड़-तोड़कर बनाने की बीजेपी की कवायद को ऑपरेशन लोटस कहा जाता है। बिहार में 12 फरवरी को एनडीए की सरकार बहुमत साबित करेगी, ऐसे में कांग्रेस को डर है कि उसके विधायकों को तोड़ने की कोशिश हो सकती है।

# भारत के आर्थिक विकास के स्मारक बनाए हैं कांग्रेस ने : जयराम रमेश

एजेंसी। धनबाद

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' आज रविवार धनबाद से शुरू हुई तो कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि भारत के आर्थिक विकास के स्मारक कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु ने बनाए हैं। दरअसल धनबाद के टुंडी प्रखंड में रात्रि विश्राम के बाद भारत जोड़ो न्याय यात्रा रविवार को धनबाद शहर के गोविंदपुर से पुनः शुरू की गई थी। इस अवसर पर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा, कि आज, हमसे पूछा जाता है कि कांग्रेस ने 70 साल में क्या किया? आज हम धनबाद में हैं और हम बोकारो जाएंगे, जो कि बोकारो इस्पात शहर के नाम से भी मशहूर है। उन्होंने कहा कि ये कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा बनाए स्मारक हैं। जब लोग पूछते हैं कि हमने 70 वर्षों में क्या किया, तो बताना चाहूंगा कि भिलाई, राउरकेला, दुर्गापुर, भाखड़ा नांगल, बोकारो, धनबाद, बरौनी,



सिंदरी- आदि आदि ये सभी भारत के आर्थिक विकास के स्मारक हैं। इस अवसर पर कांग्रेस की झारखंड इकाई के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने न्याय यात्रा के संबंध में विस्तार से बताया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी रविवार को रामगढ़ जिले में रात्रि विश्राम करेंगे। उन्होंने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा दो चरणों में आठ दिन में राज्य के 13 जिलों में 804 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। 67 दिनों में यह यात्रा 6,713 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। 15 राज्यों के 110 जिलों से होते हुए 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी।

# केजरीवाल भ्रष्टाचार का बेताज बादशाह

एजेंसी। नई दिल्ली

भाजपा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भ्रष्टाचार का बेताज बादशाह बताया है। भाजपा ने कहा कि वह हमेशा जांच से भागते रहते है। दसअसल मुख्य विपक्षी दल का यह बयान ऐसे समय आया है जब दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा का एक दल केजरीवाल को उनके आधिकारिक आवास पर उन्हें नोटिस देने पहुंचा था। यह नोटिस उनके इस दावे की जांच में शामिल होने के लिए दिया गया था कि भारतीय जनता पार्टी सत्तारूढ़ आप विधायकों को तोड़ने की कोशिश कर रही है। दरअसल एक सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में दिल्ली पुलिस की टीम मुख्यमंत्री के आवास पर पहुंची और जोर देकर कहा कि वे केवल केजरीवाल को नोटिस सौंपेंगे क्योंकि यह उनके नाम पर था। वहीं मुख्यमंत्री के आवास पर अधिकारियों ने कहा कि वे नोटिस लेने और क्राइम ब्रांच को पावती देने को तैयार थे। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, यह एक अजीब




स्थिति है। दिल्ली के लोग आज केजरीवाल को भगोड़ा कहने के लिए मजबूर हो रहे हैं। पूनावाला ने कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि जब प्रवर्तन निदेशालय ने कथित घोटाले के सिलसिले में केजरीवाल को पांच समन जारी किए, तो वह भाग गए। पूनावाला ने आरोप लगाया कि वह जांच एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए और जांच में सहयोग नहीं किया। भाजपा नेता ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, जब दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा उनके द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच में सहयोग के लिए सीआरपीसी के तहत नोटिस देने के लिए उनके दरवाजे पर पहुंचती है, तब भी वह भाग जाते हैं।

## आईएसआई के लिए जासूसी करने वाला भारतीय एजेंट गिरफ्तार

**हापुड़**। यूपी एटीएस ने आईएसआई के लिए जासूसी कर रहे एक भारतीय एजेंट को गिरफ्तार किया है। विदेश मंत्रालय में तैनात यह अफसर सेना और देश की सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां आईएसआई हैंडलर्स से साझा कर रहा था। आरोपी सतेंद्र उत्तरप्रदेश के हापुड़ का रहनेवाला है और विदेश मंत्रालय में एमटीएस के पद पर कार्यरत था और वर्तमान में रूसी दूतावास में नियुक्त था। उत्तरप्रदेश के एटीएस टीम को रविवार को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। यूपी एटीएस ने रूस में रहकर आईएसआई के लिए जासूसी कर रहा भारतीय एजेंट गिरफ्तार किया है। एटीएस से प्राप्त जानकारी के अनुसार विदेश मंत्रालय में एमटीएस (मल्टी-टास्किंग, स्टाफ) के पद पर कार्यरत सत्येन्द्र सिवाल को यूपी एटीएस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# आदिवासियों के जल-जंगल-जमीन की रक्षा की : राहुल

एजेंसी। नई दिल्ली/रांची

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की न्याय यात्रा का रविवार (4 फरवरी) को 22वां दिन हैं। राहुल 2 फरवरी से झारखंड में हैं। उन्होंने रविवार को धनबाद में लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा- कांग्रेस ने हमेशा आदिवासियों के जल-जंगल-जमीन की रक्षा की है और करती रहेगी। हम आपके साथ खड़े हैं। राहुल ने कहा- देश के चुनिंदा पूंजीपतियों को आपकी संपत्ति सौंपी जा रही है। पहले PSUs में रोजगार मिलता था, उन सभी का एक-एक कर निजीकरण किया जा रहा है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो मोदी सरकार झारखंड की स्टील इंडस्ट्री भी अपने पूंजीपति दोस्तों को सौंप देगी। धनबाद के बाद राहुल ने बोकारो में कहा कि BJP सरकार और RSS की विचारधारा देश में सिर्फ हिंसा और नफरत नहीं



फैला रही है, बल्कि देश में अन्याय फैला रही है। देश का पूरा पैसा 2-3 बिजनेसमैन को दिया जा रहा है। भाजपा पार्टी किसानों, मजदूरों, युवाओं के साथ अन्याय कर रही है। न केवल आर्थिक अन्याय हो रहा है, बल्कि सामाजिक अन्याय भी हो रहा है।

**राहुल की यात्रा का आज का शेड्यूलः** भारत जोड़ो न्याय यात्रा का झारखंड में रविवार को तीसरा दिन है। इससे पहले शनिवार (3 फरवरी) को राहुल ने देवघर के वैद्यनाथ मंदिर में पूजा की और धनबाद के लिए निकले। रात को भी वे यहीं रुके। रविवार सुबह 8 बजे धनबाद के गोविंदपुर से यात्रा शुरू हुई। करीब 10 बजे राहुल बैंक मोड़ पहुंचे और लोगों को संबोधित किया। इसके बाद उन्होंने बोकारो में भी जनसभा की। यहां से वो रामगढ़ के लिए निकल गए हैं। यहीं न्याय यात्रा रात में रूकेगी। इसके बाद सोमवार को रांची पहुंचेगी।

# महाराष्ट्र में कांग्रेस को फिर झटकाः एक दर्जन से अधिक विधायक जा सकते हैं अजीत के साथ

एजेंसी। मुंबई

भाजपा के मौन समर्थन के साथ अजित पवार गुट मुंबई कांग्रेस से दो अन्य प्रमुख मुस्लिम नेताओं के साथ-साथ 15 विधायकों को भी शामिल करने पर विचार कर रहा है। उनमें मुंबादेवी विधायक अमीन पटेल और मलाड पश्चिम से विधायक असलम शेख भी शामिल हैं।बाबा सिद्दिकी के बेटे जीशान वर्तमान में बांद्रा पूर्व से विधायक हैं। उनके भी इस साल के अंत में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले अजीत पवार गुट में शामिल होने की संभावना है। हालांकि उन्होंने ऑन-रिकॉर्ड इस तरह की अटकलों से इनकार किया है। लेकिन उन्होंने इतना जरूर कहा है कि अजित पवार उनके लिए परिवार के सदस्य की तरह



हैं। उन्होंने कठिन समय में उनका साथ दिया है।मुंबई में कांग्रेस के 4 विधायक हैं। उनमें से दो जीशान सिद्दीकी और असलम शेख हैं। दोनों ही प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अलग-अलग भ्रष्टाचार के मामलों की जांच का सामना कर रहे हैं। अमीन पटेल मिलिंद देवड़ा के करीबी सहयोगी हैं। यदि तीनों ने इस्तीफा दिया तो कांग्रेस के पास पास मुंबई में केवल एक विधायक वर्षा गायकवाड़ बचेंगी, जो कि धारावी से विधायक हैं। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी को महाराष्ट्र में बड़ा झटका लग सकता है। मिलिंद देवड़ा ने हाल ही में कांग्रेस का साथ छोड़ दिया था। इसके बाद मुंबई में पार्टी के पास कोई कद्दावर नेतृत्व नहीं है। पार्टी के भीतर और बाहर दोनों ही जगहों पर इस बात की चर्चा है कि पूर्व मंत्री और बांद्रा विधायक बाबा सिद्दीकी 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजीत पवार गुट में शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस के सूत्रों ने यह दावा किया है महाराष्ट्र कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष आरिफ नसीम खान से भी पाला बदलने के लिए संपर्क किया गया था, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया है। आपको बता दें कि नसीम खान 2019 का विधानसभा चुनाव चांदीवली से बहुत कम अंतर से हार गए थे।

## तकनीक के उपयोग से न्याय व्यवस्था होगी अधिक सरलः शाह

**नई दिल्ली**। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने न्यायिक व्यवस्था में तकनीक के उपयोग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इससे कार्यप्रणाली अधिक सरल हो जाएगी। दिल्ली में रविवार को सीएलईए-कॉमनवेल्थ अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल कॉन्फ्रेंस (सीएजीएससी-24) के समापन समारोह में शाह ने कहा कि न्यायिक व्यवस्था के प्रत्येक भाग में तकनीक को शामिल किया जाना बेहद जरूरी है। तीन नए आपराधिक कानूनों के संदर्भ में शाह ने कहा कि इनके क्रियान्वयन के बाद भारत में दुनिया की सर्वाधिक आधुनिक कानून व्यवस्था होगी। गृहमंत्री ने कहा कि न्याय को सुलभ, किफायती और जवाबदेह बनाने में तकनीक की बड़ी भूमिका हो सकती है। नए कानूनों में हमने तकनीक और फोरेंसिक विज्ञान के उपयोग को बढ़ावा दिया है। सात साल से ऊपर के अपराधों में फोरेंसिक सबूतों को आवश्यक बना दिया है। कांफ्रेंस के आयोजन को मौजूदा परिस्थितियों से जोड़ते हुए शाह ने कहा कि वर्तमान में अपराध और आर्थिक अपराध किसी दायरे तक सीमित नहीं रहे हैं। केवल आर्थिक अपराध ही नहीं बल्कि अन्य अपराधों को लेकर भी जरूरी व्यवस्था की जानी चाहिए।

## भारतीय पनडुब्बी 'करंज' से 250 समुद्री मील दूर चीनी जहाज ने शुरू किया मिशन

**नई दिल्ली**। मालदीव की ओर जाने वाले चीनी महासागर अनुसंधान जहाज जियांग यांग होंग 03 ने रविवार से भारत, श्रीलंका और मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्रों के बाहर अपना मिशन शुरू कर दिया है। दिलचस्प बात यह है कि भारतीय पनडुब्बी आईएनएस 'करंज' ने एक दिन पहले ही इस चीनी जहाज से सिर्फ 250 समुद्री मील की दूरी पर कोलंबो के एक बंदरगाह पर लंगर डाला है। भारतीय नौसेना की पनडुब्बी आईएनएस 'करंज' तीन फरवरी को अपनी पहली विदेशी औपचारिक यात्रा पर कोलंबो बंदरगाह पहुंची है। श्रीलंकाई नौसेना ने नौसैनिक परंपराओं के अनुरूप मेहमान पनडुब्बी का स्वागत किया। यह भारतीय पनडुब्बी 67.5 मीटर लंबी है, जिसमें 53 लोगों का दल है। इसकी कमान कमांडर अरुणाभ के पास है। आधिकारिक यात्रा का समापन करते हुए आईएनएस 'करंज' पांच फरवरी को द्वीप से प्रस्थान करेगी। इस बीच इस पनडुब्बी पर श्रीलंका के नौसेना कर्मी एक जागरुकता कार्यक्रम में भाग लेंगे। श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त ने कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी का दौरा किया और चालक दल के साथ बातचीत की।

# नीतीश कुमार ने लालकृष्ण आडवाणी को किया फोन, भारत रत्न मिलने पर दी बधाई



**पटना, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीजेपी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न मिलने पर बधाई दी है। सीएम नीतीश ने शनिवार को आडवाणी को फोन किया और उनसे बात कर शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लालकृष्ण आडवाणी ने देश के विकास में बड़ा योगदान दिया है। दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के दौरान वह गृह मंत्री और देश के उप प्रधानमंत्री थे। उस सरकार में उन्होंने बेहतर कार्य किया। वह देश के सम्मानित राजनेताओं में से एक है।

नीतीश कुमार ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि वाजपेयी सरकार में उन्हें आडवाणी के सानिध्य में काम करने का मौका मिला था। उनका स्नेह हमेशा मिलता रहा और उनसे कई चीजें भी सीखने को मिलीं। सीएम ने लालकृष्ण आडवाणी को देश का सर्वोच्च सम्मान दिए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। साथ ही केंद्र सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान देने की घोषणा शनिवार को की गई। कुछ दिन पहले ही बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जननायक कर्पूरी ठाकुर को भी देश के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित करने का ऐलान किया गया था। इसके बाद बिहार में सत्ता परिवर्तन हुआ और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महागठबंधन को छोड़कर एनडीए में वापस आ गए।

आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने से बिहार एनडीए के नेताओं ने खुशी जाहिर की है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी एवं विजय चौधरी के अलावा आरएलजेडी अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, लोजपा रामविलास के मुखिया चिराग पासवान, पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी समेत अन्य नेताओं ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर केंद्र के इस फैसले का स्वागत किया और आडवाणी को बधाई दी।

बिहार बीजेपी के अध्यक्ष एवं डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि लालकृष्ण आडवाणी पार्टी के अभिभावक हैं। उन्होंने राम मंदिर के निर्माण में अहम भूमिका निभाई। वह इस सम्मान के अधिकारी हैं। उन्होंने आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने पर पीएम नरेंद्र मोदी का धन्यवाद भी किया।

## आपके स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर में होगी नई सुविधा, मिलेगा यह लाभ, ऐसा करने पर घर की बत्ती गुल नहीं होगी



**पटना, एजेंसी।** बिहार में स्मार्ट बिजली प्रीपेड मीटर की लोकप्रियता बढ़ रही है। लाखों उपभोक्ताओं के मकान दुकान में स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं। लेकिन नेटवर्क की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ता है। नेटवर्क की समस्या से कनेक्शन नहीं हो रहे स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। कंपनी ने मीटर में पुश बटन लगाने का निर्णय लिया है। पुश बटन से उपभोक्ता 48 घंटे तक बिजली की सुविधा पा सकेंगे। दरअसल राज्य में 26 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। स्मार्ट मीटर में नेटवर्किंग की समस्या लगातार आ रही है। मीटर में पैसा होने के बावजूद बिजली गुल हो जा रही है। कंपनी के समक्ष यह लगातार शिकायत मिल रही है कि मीटर में पैसा है लेकिन बिजली गुल हो जा रही है। इसके अलावा कंपनी के पास यह भी शिकायत आ रही है कि मीटर में पैसा खत्म होने पर जब रिचार्ज कर रहे हैं तो कई घंटे तक बिजली बहाल नहीं हो पा रही है। इससे निपटने के लिए ही कंपनी ने मीटर लगाने वाली एजेंसियों को पुश बटन लगाने का निर्देश दिया है। बटन पुश कर उपभोक्ता को 48 घंटे तक बिजली जाने का सामना नहीं करना पड़ेगा। तब तक उनका मीटर फिर से रिचार्ज हो जाएगा।

**ब्लू टूथ की भी होगी सुविधा** : स्मार्ट मीटर में ब्लू टूथ की भी सुविधा दी जा रही है। नेटवर्क में समस्या आने पर उपभोक्ता स्मार्ट मीटर को अपने ब्लू टूथ से जोड़कर चालू कर सकेंगे। ब्लू टूथ के माध्यम से उपभोक्ता अपने स्मार्ट मीटर को चालू कर सकते हैं। हालांकि इसका काम अभी शुरू हुआ है। उपभोक्ताओं को कुछ दिनों तक इंतजार करना पड़ेगा।

### क्या कहते हैं अधिकारी?

इध बिजली विभाग का कहना है कि स्मार्ट मीटर में पुश बटन लगाने की शुरुआत कर दी गई है। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक महेन्द्र कुमार ने बताया कि नेटवर्क नहीं होने पर यह पुश बटन कारगर होगा। ऐसा करने से घर में फिर से बिजली बहाल हो जाएगी और बत्ती गुल नहीं होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना से लापता नाबालिग लड़के की हत्या के बाद फोड़ी आंख, 11 दिन बाद तालाब में मिली लाश

**पटना, एजेंसी।** पटना में अपराधियों ने मनेर थाना क्षेत्र के सराय पंचायत निवासी किशोर मोनू कुमार (17) की हत्या कर शव आहर में फेंक दिया। वह बीते दस दिन से लापता था। शनिवार को किशोर का क्षत विक्षत शव बरामद होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों का आरोप है कि बेरहमी से की हत्या के बाद उसकी आंख भी फोड़ दी गई। उधर हत्या के विरोध में ग्रामीणों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। रुपये की लेन-देन में हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की छानबीन में जुट गई है। मनेर थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि इस मामले में कारीमन कुमार को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। सराय, कहारी टोला के रहने वाले राजकुमार राय का बेटा मोनू 23 जनवरी को आग तापने के दौरान गांव से गायब हो गया था। परिजनों ने मनेर थाने में इसकी शिकायत दर्ज करवाई थी। उसकी तलाश जारी थी। इसी बीच शनिवार को खेत में पटवन के लिए किसान जब अहरा का पानी निकाल रहे थे, तभी उन्होंने किशोर के क्षत विक्षत शव को देखा। बाद में शव की पहचान मोनू के रूप में होते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का आरोप है कि मोनू की आंख फोड़कर बेरहमी से हत्या कर दी गई है। परिजनों के मुताबिक गांव के ही युवक कारीमन ने कुछ दिन पहले रुपये की लेन-देन के विवाद में मोनू की हत्या की धमकी दी थी। पुलिस ने जब किशोर के गायब होने वाले दिन का सीसीटीवी फुटेज देखा तो वह करीमन के साथ जाता दिख रहा था। जिसके बाद पुलिस ने करीमन को हिरासत में ले लिया। उधर परिजन और ग्रामीणों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सराय बाजार में सड़क जाम कर दिया।

### भाइयों के बीच मारपीट :गांव के मुखिया पर लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमले का आरोप, तीन लोग घायल



**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय में मुखिया मो. अमानत शाह 35 पर अपने चचेरे भाई मो. मिर्त्युजा (45), मो. मुस्तफा (26), मुस्तफा की पत्नी सैबूल खातून (25) के साथ मारपीट का आरोप लगा है। घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज बेगूसराय सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं मारपीट का लाइव वीडियो भी सामने आया है। घटना मटिहानी थाना क्षेत्र के रामपुर पंचायत के वार्ड ने 17 की है। मारपीट में घायल लोगों की पहचान रामपुर पंचायत के रहने वाले मो. मंसूर शाह के बेटे मोहम्मद मिर्त्युजा, मोहम्मद मुस्तफ्फा और सैबूल खातून के रूप मे हुई है। सैबूल खातून का कहना है कि उनकी एक साइकिल की दुकान है। इसी बात को लेकर उनके गोतिया को चिढ़ है। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी भी कई बार हो चुकी है। इस मामले में घायल मो. मिर्त्युजा के बेटे मो. अरवाज (19) ने बताया कि मुखिया और उनके परिजनों के द्वारा उनके पिता पर लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। वहीं उनके चाचा बचाने गए तो उनकी भी जमकर पिटाई की गई, जिससे हालत गंभीर बनी हुई है। फिलहाल दो घायलों का इलाज सदर अस्पताल मे चल रहा है, जबकि एक का इलाज गांव मे ही कराया जा रहा है।

**क्या बोली पुलिस :** इस मामले में मटिहानी थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया है कि दो गोतिया के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की पड़ताल कर रही है।

# बिहार में खत्म होगा भू-माफिया का आतंक

## उन्हें निपटाने के लिए सरकार बना रही यह रणनीति



**पटना, एजेंसी।** बिहार में भूमि विवाद के कारण हो रही हिंसक घटनाएं हो रही हैं। मारपीट, गोलीबारी और हत्या की बात आम हो गई है। इस पर नियंत्रण के लिए प्रशासन भू-माफियाओं की हिस्ट्री शीट तैयार करेगा। जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, एक जमीन को कई लोगों को बेचने वाले, जमीन पर धारा- 144 लागू होने के बाद भी निर्माण कार्य करने वाले लोगों की पहचान के लिए प्रशासन हिस्ट्री सीट तैयार करेगा। भू-माफियाओं की हर थाने और अंचलों में सूची होगी ताकि उस एरिया में जमीन से जुड़े विवाद या घटना के बाद ऐसे लोगों को चिह्नित किया जा सके। पटना के डीएम शीर्षत कपिल अशोक और एसएसपी राजीव मिश्रा ने दानापुर अनुमंडल में विधि व्यवस्था की समीक्षा की। डीएम-एसएसपी ने कहा कि भू-माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं होगी। जो अधिकारी भू-माफिया के साथ लिप्त या कार्रवाई में नरम पाए जाएंगे उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीएम और एसएसपी ने कहा कि भूमि विवाद के मामलों को प्राथमिकता दें। दानापुर अनुमंडल क्षेत्र में काफी तेजी से विकास हुआ है। जमीन की कीमत अधिक होने से विवाद भी बढ़ा है। इसे हर हाल में रोकना होगा। एसडीएम और डीएसपी अपने स्तर से निगरानी करें। वरीय अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दें, ताकि उसे लेकर ठोस कार्रवाई की जा सके। भूमि विवाद के समाधान के लिए शनिवार को थाना स्तर पर जो बैठक हो रही है उसमें अंचलाधिकारी से मिलकर मामले का निपटारा करें। डीएम ने कहा कि केवल बैठक करने से नहीं होगा। कार्य में पारदर्शिता भी लानी होगी। शनिवार को थानास्तर पर होने वाली बैठकों का व्यवहारिक तौर पर परिणाम क्या रहा है इसकी समीक्षा भी की जाएगी। किसी सरकारी जमीन पर यदि किसी ने कब्जा कर लिया है तो उसे अतिक्रमणवाद चलाकर खाली भी कराएं।

### अवैध शराब को लेकर नियमित छापेमारी के निर्देश

डीएम और एसएसपी ने ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए निरोधात्मक कार्रवाई भी करें। इसके अलावा शस्त्रत् सत्यापन एवं जिन इलाकों में पैसे को खर्च कर मतदाताओं को प्रभावित करने की आशंका है वहां विशेष नजर रखें। उसे व्यय की दृष्टि से संवेदनशील मानें। उत्पाद विभाग और पुलिस के अधिकारी अवैध शराब को लेकर नियमित छापामारी करें। जब्त शराब को 48 घंटे के अंदर नष्ट करें। शराब की तस्करी में कार्रवाई की 15 दिन पर समीक्षा होगी।

### भूमि विवाद के 164 मामले का हुआ निपटारा

दानापुर के एसडीएम प्रदीप सिंह ने डीएम को बताया कि जनवरी माह में भूमि विवाद के कुल 164 मामलों का निपटारा किया गया है। जो लंबित है उसे जल्द निपटारा कर दिया जाएगा। भूमि विवाद के मामलों को तेजी से निपटारा किया जा रहा है।

# कार और ट्रैक्टर के बीच टक्कर, चालक की मौत

## रामनगर से सीतामढ़ी लौट रहे थे कार्यपालक अभियंता, हादसे के बाद हुए फरार



**बगहा (वाल्मिकीनगर), एजेंसी।** बगहा के रामनगर में कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विभाग बिहार सीतामढ़ी की गाड़ी और ट्रैक्टर के बीच टक्कर हो गई। जिसमें ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई है। घटना शनिवार की देर रात की है। बताया जा रहा है कि रामनगर के ओवर ब्रिज पर ट्रैक्टर, ऑटो और बोलेरो की एक साथ टक्कर हो गई। घटना ओवरटेक के कारण हुई है।

इस घटना मे ट्रैक्टर चालक बुरी तरह से जख्मी हो गया था। जिसे इलाज के लिए पीएससी रामनगर में पहुंचाया गया। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान सेमरा थाना के पैकवलिया गांव निवासी हंसा राम के पुत्र ललन राम (42) के रूप में हुई है।

### इलाज के दौरान हुई मौत

रामनगर पीएसी में तैनात डॉक्टर आर्या ने बताया कि एक व्यक्ति काफी गंभीर स्थिति में क्राष्ट में पहुंचा था। जिसकी प्राथमिक उपचार देने के क्रम में ही मौत हो गई। घटना के बाद यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे नगर परिषद और हरी नगर शुगर मिल के जेसीबी के मदद से सड़क को खाली कराया गया। जिसके बाद पुनः यातायात बहाल किया गया।

### गांव आए थे कार्यपालक अभियंता

कार्यपालक अभियंता मोहम्मद सनाउल्लाह ग्रामीण विकास विभाग बिहार सीतामढ़ी लौरिया थाना क्षेत्र के डुमरा देवराज के रहने वाले है। इनकी पोस्टिंग सीतामढ़ी में हुई है। बताया जा रहा है कि वह अपने परिवार के साथ गांव आए थे। इसी दौरान कहीं जाने के क्रम में यह हादसा हुआ है। हालांकि हादसा के बाद कार्यपालक अभियंता के साथ फरार हो गए।

### ट्रैक्टर और बोलेरो को किया गया जब्त

थानाध्यक्ष अनंत राम ने बताया कि एफआईआर दर्ज की जा रही है। ट्रैक्टर और बोलेरो को जब्त कर लिया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है।



### टूरिस्टों को पसंद आ रही बिहार की धरोहरें

**भागलपुर, एजेंसी।** बिहार टूरिज्म का हब बनता जा रहा है। 2023 में सबसे ज्यादा पर्यटकों ने बिहार के प्रमुख धरोहरों को देखा। करीब 8.21 करोड़ पर्यटकों ने बिहार के तीर्थ स्थल के अलावा ऐतिहासिक धरोहरों का दीदार किया। इनमें 8.15 करोड़ घरेलू व विदेशी पर्यटकों की संख्या 5.46 लाख रही। पर्यटन विभाग ने जनवरी से दिसंबर तक आये पर्यटकों का आंकड़ा जारी किया है। पर्यटन विभाग बिहार में 15 प्रमुख स्थलों के अलावा अन्य जिलों में आये टूरिस्टों का मासिक आंकड़ा एकत्र करता है। राज्य में पटना, गया, बोधगया, राजगीर, नालंदा, रक्सौल, मुंगेर, वैशाली, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, बांका के अलावा सोनपुर मेला, श्रावणी मेला, पितृपक्ष मेला में पुनपुन और गया में आये श्रद्धालुओं की संख्या विभाग ने जारी किया है।

# रामनगर से सीतामढ़ी लौट रहे थे कार्यपालक अभियंता, हादसे के बाद हुए फराररंग लाया किसानों का आंदोलन, बढ़कर मिलेगी जमीन के मुआवजे की रकम!



## कैमूर से गुजरेगा गंगा एक्सप्रेस -वे

**पटना, एजेंसी।** जमीन के उचित मुआवजा की मांग को लेकर 32 दिनों से धरना दे रहे किसानों का आंदोलन रंग लाने लगा है। वृद्धि दर के साथ उनकी जमीन की कीमत मिल सकती है। किसानों का तर्क है कि वर्ष 2015 के बाद से सर्किल रेट नहीं बढ़ी है। उनका यह भी कहना है कि खामिदौरा के किसानों को एक करोड़ प्रति हेक्टेयर के हिसाब से दिया गया है, तो फिर वह कम क्यों लेंगे? कम मुआवजा तय करने के लिए किसान जिला प्रशासन व सरकार को दोषी मान रहे हैं। हालांकि जिला प्रशासन ने कमिश्नर को पत्र लिखकर मुआवजा दर पर विचार करने के लिए अनुरोध किया है। हालांकि धरनार्थियों से सदर एसडीओ विजय कुमार ने बात भी की थी।

समझा जाता है कि किसानों की मांग व धरना को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा कमिश्नर को पत्र लिखा गया है। शीतलहर, कुहासा, बादल, ठंडी बयार को झेलते हुए 32 दिनों से किसान धरना दे रहे हैं। किसानों ने मसोई स्थित पीएनसी कंपनी के बेस कैंप के अंदर कराए जा रहे कर्मियों के अस्थाई आवास, उपकरण व निर्माण सामग्री रखने के कक्ष निर्माण को ठप कराने की घोषणा की है। धरना स्थल पर पहली फरवरी को एनएचएआई के क्षेत्रीय महाप्रबंधक एसबी सिंह व भू-अर्जन के सलाहकार एमपी मिश्रा ने पहुंचकर आंदोलनकारी किसानों से बात की। किसानों ने अधिग्रहित भूमि का मुआवजा 1.28 करोड़ रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से भुगतान करने का प्रस्ताव रखा। लेकिन, अधिकारियों ने विभागीय नियमों को हवाला देते हुए मुआवजा बढ़ाने में असमर्थता जताई थी। हालांकि उन्होंने कहा था कि इस पथ के बन जाने से लोगों को व्यापार व आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र का विकास होगा। कैमूर जिले के 5 अंचलों के 93 मौजा से गुजरने वाली भारत माला परियोजना एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए अधिग्रहित की जा रही भूमि के उचित मुआवजा को लेकर किसान एकजुटता का प्रदर्शन कर रहे हैं। कैमूर के भभुआ, रामपुर, भगवानपुर, चैनपुर व चांद प्रखंड से होकर वाराणसी-रांची व कोलकाता को जोड़ने वाली गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण नेशनल हाई-वे ऑथिरिटी इंडिया द्वारा कराया जाना है।

किसान संघर्ष मोर्चा के महासचिव पशुपति नाथ सिंह व अभिमन्यू सिंह का कहना है कि एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए अधिग्रहित की जा रही भूमि का सरकार उचित मुआवजा नहीं दे रही है। उचित मुआवजा नहीं मिलने के कारण एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए भूमि का अधिग्रहण किए जाने से हम किसानों की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर हो जाएगी। जब तक उन्हें उचित मुआवजा नहीं मिलेगा, तब तक वह अपनी जमीन पर एक्सप्रेस-वे का निर्माण के लिए नहीं देंगे।

# इंडोनेशिया की सोइल्लीना का 'बिहारी बाबू' पर आया दिल, पताही में लिए सात फेरे

## शादी करने सात समंदर पार पहुंची विदेशी दुल्हनिया

- परसौनी कपूर निवासी हर्षवर्धन से की शादी
- इंडोनेशिया में ही हुई थी दोनों की आंखें चार
- भारतीय परंपराओं संग लिए फेरे



चाणक्य भूमि | पताही

कहते हैं कि प्यार सरहद की बेड़ियों को तोड़ देता है...। ऐसा ही कुछ नजारा पताही में भी देखने को मिला। सात समुंदर पार से आई विदेशी युवती ने हिंदू रीति-रिवाज से प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत परसौनी गांव निवासी लड़के से शादी रचा ली। इंडोनेशिया की सिबोरोगबोरोगा की रहने वाली दुल्हनिया सोइल्लीना मेनाक सिलाबन और परसौनी कपूर गांव निवासी हर्षवर्धन कुमार की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। जिनकी शादी हिंदू रीति रिवाज से पताही के परसौनी कपूर पंचायत स्थित उनके आवास पर धूमधाम से हुई। जिन्हें आशीर्वाद देने के लिए प्रखंड के कई लोग जमा हुए। बताया जाता है कि हर्षवर्धन 2018 में इंडोनेशिया गए थे। वह परसौनी के वार्ड संख्या एक निवासी अखिलेश कुमार के पुत्र हैं। वहां के नेशनल चुंग चेग यूनिवर्सिटी ताईवान में पोस्ट डाक्टोरल साइंटिस्ट के रूप में कार्य कर रहे थे। इसी यूनिवर्सिटी में लंबोक सिलाबन की पुत्री किम भी काम करती थी। कुछ साल पहले वहां की मूल निवासी सोइल्लीना मेनाक सिलाबन से आंखें चार हुई। दोनों ने एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान किया। इसके बाद दोनों ने एक साथ रहने का फैसला किया। परंतु, भारतीय सभ्यता संस्कृति में विदेशी बहू का मामला फिट नहीं बैठता रहा था। यही स्थिति सोइल्लीना के साथ भी थी। लंबे समय तक राजी नहीं हुए दोनों परिवार दोनों के घर परिवार को भी यह थोड़ा नागवार लगा।

### अनोखी जोड़ी को लोगों ने कैमरा में किया कैद

*बाद में दोनों की खुशी के आगे माता-पिता को झुकना पड़ा। आखिर अपने घर परिवार के बीच हिंदू तरीके से शादी संपन्न करने पर सहमति बनी, जिसकी सहमति सोइल्लीना मेनाक सिलाबन के पिता लंबोक और माता सोली सिपाहुतर ने भी दे दी और शादी का दिन निर्धारित हुआ। सोइल्लीना अपनी माता के साथ सिबोरोगबोरोगा, इंडोनेशिया से मोतिहारी के पताही में पहुंच गई। हिंदू रीति-रिवाज से शादी हुई। इस शादी के गवाह पताही के सैकड़ों लोग बने। साथ ही कई लोगों ने इस अनोखी जोड़ी की शादी को अपने कमरे में कैद किया। बात दे की दोनों की विवाह गत वर्ष 18 मार्च को इंडोनेशिया में रचाई गई थी।*

## अपराध नियंत्रण होगी पहली प्राथमिकताः थानाध्यक्ष



चाणक्य भूमि | पताही

पताही थानाध्यक्ष के रूप में कैलाश कुमार ने पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने थाने के सभी पुलिस कर्मियों से औपचारिक जान-पहचान की। इसके बाद उन्होंने थाना का जायजा लिया। वहीं क्षेत्र की भी जानकारी हासिल की। थानाध्यक्ष के पद पर योगदान देने के बाद थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर श्री कुमार ने कहा कि पताही थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, विधि व्यवस्था एवं जनसंवाद बहाल करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति स्थापित करना, अपराध पर पूरी तरह लगाम लगाना व पुलिस और पब्लिक के बीच अच्छा संबंध स्थापित करना होगा। उन्होंने इसके लिए क्षेत्र के लोगों को भी पुलिस को मदद करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में अशांति फैलाने वाले बख्शे नहीं जाएंगे।

## शर्मनाकः शिक्षक ने छह साल की बच्ची के साथ किया दुष्कर्म

- पचपकड़ी ओपी थाना क्षेत्र का है मामला
- घटना के बाद शिक्षक हुआ फरार
- ग्रामीणों में आक्रोश है व्याप्त

चाणक्य भूमि | पताही

पचपकड़ी ओपी थाना क्षेत्र के दलपत विशुनपुर गांव एक सरकारी स्कूल ने शिक्षक ने कथित रूप से 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है। घटना के बाद से शिक्षक फरार है। इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। बताया जाता है कि शिक्षक चकिया से छुट्टी पर आया था। वह घर के ही बगल की एक बच्ची को पैसा का लालच देकर बच्ची के साथ दुष्कर्म किया।आरोपी की पहचान 38 वर्षीय किशोर रवि उर्फ गुड्डु सिंह के रूप में हुई है, जो चकिया के एक सरकारी स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्यरत है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शिक्षक ने 6 साल की बच्ची के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया। बच्ची के परिवार वालों ने घटना की सूचना पचपकड़ी थानाध्यक्ष अंजन कुमार को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को कब्जे में लेकर मेडिकल के लिए भेज दिया है। बच्ची की मां ने भयावह आपबीती सुनाते हुए कहा कि उन्हें इस घटना की जानकारी तब हुई, जब वह बच्ची रोते रोते घर पहुंची मैंने देखा कि खून बह रहा है। इसके बाद उससे इसके बारे में पूछा तो इस घटना के बारे में बताया। पचपकड़ी थानाध्यक्ष अंजन कुमार ने बताया कि एक शिक्षक ने तीन साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किया है। पुलिस ने बच्ची को मेडिकल कराने के लिए अस्पताल भेज दिया है। आरोपी फरार है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## नकाबपोश अपराधियों ने दुकानदार पर चलाई गोली, बाल-बाल बचे

चाणक्य भूमि | चिरैया

ढाका -मोतिहारी मुख्य पथ अवस्थित राघोपुर गांव के समीप स्थित एक गल्ला दुकानदार पर हथियारबंद नकाबपोश अपराधियों ने गोली चलाई। जिसमें गल्ला दुकानदार बैजू साह बाल-बाल बच गए। घटना शनिवार को अति व्यस्तम रोड पर घटी है। गोली चलने की सूचना मिलते ही चिरैया के नव पदस्थापित थानाध्यक्ष अरुण कुमार वहां पहुंच कर मामले की जांच किया है। घटना की जानकारी देते हुए मीरपुर गांव निवासी व गला दुकानदार बैजू साह ने बताया कि एक बाइक पर सवार होकर आए नकाबपोश अपराधियों ने बाइक को रोड किनारे लगा दिया। इसके बाद दुकान पर आकर चावल की कीमत पूछते हुए दुकान का शटर गिराने लगा। जिसका विरोध करने पर दोनों फायरिंग करते हुए बाहर निकल कर भाग खड़ा हुआ। उन्होंने बताया कि दोनों बदमाशों ने चार राउंड फायरिंग की है। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने उसे पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन दोनों हथियार लहराते हुए ढाका की ओर भाग गया। घटना के समय वहां उपस्थित गला दुकानदार के पिता शंकर साह व ग्रामीण केशवर पासवान ने अपराधियों को खदेड़ने की कोशिश किया। लेकिन हथियार देख कर पीछे हट गए। थानाध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी।

# 'अपने मधुर व्यवहार और वाणी से लोगों के दिलों में हमेशा याद रहेंगे सीओ पिंटू कुमार'

- प्रखंड सभागार में विदाई समारोह का हुआ आयोजन
- तबादला के बाद सीओ पिंटू को दी गई विदाई



चाणक्य भूमि | तुरकौलिया

प्रखंड सभागार भवन में समारोह का आयोजन किया गया। इसमें तबादला के बाद सीओ पिंटू कुमार को विदाई मिली। बीडीओ रमेंद्र कुमार, आरओ सुबोध कुमार सहित सभी अंचल कर्मी व जनप्रतिनिधि समारोह में शामिल हुए। बीडीओ रमेंद्र कुमार ने कहा कि सीओ अपने कामों के प्रति हमेशा गंभीर रहते थे। कई बार क्षेत्र में एक साथ काम करने का मौका मिला। आपसी सामंजस्य बैठाकर कार्यो का उन्होंने निपटारा किया। जमीनी विवाद को त्वरित हल करना इनकी खासियत बन गई थी। करीब दो साल साल साथ काम कर रहे थे। अंचल कर्मियों ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि हम लोग सीओ से बहुत कुछ सीखें हैं। एक गार्जियन के तौर पर हमेशा मार्गदर्शन देने का काम करते थे। अपने आधीन कर्मियों के साथ बहुत शालीनता के साथ पेश आना इनकी फितरत में शामिल था। अपने मधुर व्यवहार और वाणी के वजह से हम लोगों के दिलों में हमेशा याद रहेंगे। हेडक्वार्टर मुखिया रामजनम पासवान ने कहा कि नौकरी में ट्रांसफर होना सर्विस का एक हिस्सा है। लेकिन सीओ ने तुरकौलिया में जो काम करके पहचान बनाई है, वह तुरकौलिया वासियों के दिलों में सुनहरा याद बनके हमेशा रहेगा है। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पब्लिक के साथ-साथ सीओ जनप्रतिनिधियों का भी मान सम्मान करते थे। किसी भी फरियादी का काम करने में हमेशा तत्पर रहते थे। पब्लिक को दौड़ाने का काम नहीं करते थे। यही वजह है कि तुरकौलिया वासियों के दिल में सीओ पिंटू कुमार के लिए जगह बन गई है। आरओ सुबोध कुमार ने कहा कि वह गुरु के तौर पर हमेशा याद रहेंगे। विभागीय कार्यो के प्रति जो उनकी जानकारी थी। इससे हमलोगों ने भी बहुत कुछ सीखने को मिला है। सीओ पिंटू कुमार ने कहा कि जो प्यार व स्नेह तुरकौलिया में उन्हें मिला है। वह सहज रुप से भूला नही पाएंगे। यहां के लोग हमेशा उनके दिल में रहेगें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों की आंखें नम थी। मौके पर मुखिया रामजन्म पासवान, पंचायत समिति सदस्य ईद मुहम्मद, अशोक यादव, राजस्व कर्मचारी शिवनाथ तिवारी, रविरंजन कुमार, कुलदीप कुमार, गौतम सागर, राजन कुमार, देवेन्द्र राम, पवन कुमार, रामानन्द कुमार, पंकज कुमार, सुरेन्द्र कुमार व राज गौरव आदि मौजूद थे।

## व्यवसायियों की समस्याओं का होगा अविलंब समाधानः थानाध्यक्ष

### नए थानाध्यक्ष से मिला चैंबर का शिष्टमंडल, किया स्वागत



चाणक्य भूमि | घोड़ासहन

घोड़ासहन थाना परिसर में रविवार को चैंबर ऑफ कॉमर्स, घोड़ासहन का एक शिष्टमंडल थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अनुज कुमार पांडेय से मिला और उनका स्वागत किया। शिष्टमंडल में शामिल अध्यक्ष रंजीत अग्रवाल, महासचिव संतोष जयसवाल आदि सदस्यों ने उन्हें पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर थानाध्यक्ष ने शिष्टमंडल से समस्याओं को सुना और अपना सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि व्यवसायियों की सुरक्षा देना उनकी प्राथमिकता है। अगर किसी भी व्यवसायी को कोई समस्याएं आये तो तुरंत सूचना दें। समस्याओं का शीघ्र समाधान करेंगे। साथ ही उन्होंने व्यवसायियों के माध्यम से आम जनता से भी आग्रह किया कि क्राइम कंट्रोल के साथ थाने के बेहतर संचालन के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। मौके पर चैंबर के जयंत जयसवाल, नंदकिशोर जयसवाल, श्रवण जयसवाल, बिपिन जयसवाल, रजनीश कुमार, मनोज कुमार, राजन कुमार, मुकेश जयसवाल, मनोरंजन कुमार, मो. फखरुद्दीन आदि उपस्थित थे।

## एमएमटी प्रयास के संस्थापक अध्यक्ष की मनी 9 वीं पुण्यतिथि

चाणक्य भूमि | मोतिहारी



एमएमटी प्रयास के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. शंभू शरण की 9 वीं पुण्यतिथि पर प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रयास शिशु निकेतन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में संस्था के सचिव राम भजन ने कहा कि स्व. डॉ. शंभू शरण ने जिस उद्देश्य से संस्था की स्थापना की थी, आज उनके सुपुत्र डॉ. आशुतोष शरण अध्यक्ष पद को सुशोभित करते हुए उनके सपनों को साकार कर रहे हैं। वहीं संस्था के जरूरतमंद बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर संस्था में सहयोग करने वाले सभी पदाधिकारी, सदस्य और सभी समाज के बुद्धिजीवि, सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। मौके पर विजय कुमार, गौतम कुमार, मनोहर सहनी, राम केशी देवी, निकेश कुमार पांडे, अनुपम कुमार, रंजीत कुमार आदि थे।

# हाईकोर्ट के आदेश पर तरैया प्रखंड प्रमुख पर लगे अविश्वास प्रस्ताव पर पुनः हुई चर्चा

चाणक्य भूमि | छपरा

तरैया प्रखंड प्रमुख प्रीति कुमारी पर गतदिनों आठ पंचायत समिति सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लगाया था। आरोप था कि प्रखंड प्रमुख के दो वर्ष के कार्यकाल के दौरान अधिकांश पंचायत समिति सदस्य उनके कार्य से संतुष्ट नहीं हैं। मुख्य रूप से अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पंचायत समिति सदस्यों की समय पर बैठक नहीं बुलाना, पंचायत समिति सदस्यों के बीच आपसी विद्वेष पैदा कर अपने राजनीतिक उद्देश्य की पूर्ति करना, विकास निधि का विभिन्न प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र में असमानुपातिक वितरण करना, पंचायत समिति के कार्यवाही पुस्तिका में अपनी इच्छा अनुसार प्रस्ताव अंकित करना, तथा प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने एवं जनहित के कार्यों की उपेक्षा करने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए आठ पंचायत समिति सदस्यों ने संयुक्तरूप से हस्ताक्षरयुक्त एक आवेदन पत्र तरैया बीडीओ कृष्ण कुमार सिंह को सौंपा था और विशेष बैठक बुलाने की मांग की थी। जिसको लेकर विगत 9 जनवरी को अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए विशेष बैठक बुलाई गई थी। लेकिन बैठक में कुल 18 सदस्यों में से मात्र 9 सदस्य ही सदन में उपस्थित हुए थे। जिस कारण अविश्वास प्रस्ताव को चुनावी पर्यवेक्षक ने खारिज कर दिया। जिसके बाद प्रमुख प्रीति कुमारी की कुर्सी बरकरार रह गई। लेकिन दूसरे खेमे से प्रमुख पद की दावेदारी कर रही बीडीसी सदस्य अनु कुमारी ने अपने पक्ष के उपप्रमुख प्रमिला देवी, बीडीसी सदस्य अनुपमा सिंह, काजल सिंह, अनिता देवी, अरुण कुमार सिंह, चंदा सिंह, माधुरी सिंह, विजय पासवान के साथ सदन की कार्यवाही से नाराजगी व्यक्त करते हुए सदस्यों के साथ धरने पर बैठ गई तथा बीडीसी सदस्य अनु कुमारी और प्रमिला देवी ने सम्बंधित मुद्दों को लेकर पटना हाईकोर्ट में एक रिट याचिका दायर कर दिया था। जिस पर हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद प्रमुख के खिलाफ लगाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए पुनः विशेष बैठक बुलाने का आदेश दिया था। जिसको लेकर कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी तरैया ने शनिवार को प्रखंड सभागार में 9 सदस्यों की उपस्थिति में बैठक कर अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरू की जिस दौरान अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया।

## संवेदक की संदिग्ध स्थिति में हुई मौत

**मोतिहारी**| शहर के एक संवेदक की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। मृतक सोनू कुमार चांदमारी मुहल्ले के निवासी थे। बताया जाता है कि बलुआ चांदमारी के बीच ट्रैक से उनका शव हुआ बरामद हुआ। घटना के बाद परिजनों में चीत्कार मच गया। इधर, सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। इसके बाद पोस्ट्रमार्टम के शव सदर अस्पताल भेज दिया। जांच के बाद पता चल पाएगा की मामला हत्या का है या आत्महत्या का। इधर, घटना के बाद चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## नेशनल हैंडबॉल में कास्य पदक विजेता खिलाड़ी को चेयरमैन ने किया सम्मानित



**छपरा**|नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त कर जिले समेत मशरक का नाम रौशन करने वाली खिलाड़ी दीप शिखा को मशरक नगर पंचायत चेयरमैन सोहन महंतों ने सम्मान समारोह में अंग वस्त्र और फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। कांस्य पदक जीतने वाली खिलाड़ी मशरक उच्च विद्यालय की वर्ग 11 की छात्रा है और सरदारगंज गांव के अमरनाथ महतो, मां सरस्वती देवी की पुत्री है। चेयरमैन सोहन महतो ने बताया कि दीप शिखा ने मशरक का नाम तो रौशन किया ही है वहीं सारण जिले समेत बिहार का नाम रौशन किया है। गांव की छात्रा का खेल के क्षेत्र में कांस्य पदक जीतने पर उसके मनोबल को बढ़ाने के लिए अंग वस्त्र, नगद राशि और फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

# लायंस क्लब ने लगातार 24 वें सप्ताह लगाया निःशुल्क ईसीजी व डायबिटीज जांच कैंप

## जरूरतमंदों की सेवा है क्लब का उद्देश्यः सुधीर, क्लब का आगे भी जारी रहेगा अभियान






चाणक्य भूमि | मोतिहारी

बिहार सरकार के अनुसार पूर्वी चंपारण डायबिटीज (मधुमेह) रोग मामले में रेड जोन में है। इसको लेकर इस्ट चंपारण लायंस क्लब ने रविवार को लगातार 24 वें सप्ताह डॉ. परवेज हॉस्पिटल परिसर में निःशुल्क ईसीजी एवं डायबिटीज (मधुमेह) जांच का कैंप क्लब लगाया। कैंप में सुप्रसिद्ध हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ. परवेज अजीज व उनकी टीम द्वारा 52 लोगों का ईसीजी का रिपोर्ट एवं क्लब सदस्य पंकज कुमार की लाइफ सपोर्ट डायग्नोस्टिक लैब की टेक्नीशियन टीम ने डायबिटीज जांच के लिए 56 लोगों का ब्लड सैंपल संग्रह किया। इस कड़ी में सभी मरीजों का ब्लड प्रेशर की भी जांच हुई।

**कोरोना के बाद हार्ट पेशेंट की संख्या में हुई है बढ़ोतरीः डॉ. परवेज-** डॉ. परवेज अजीज ने बताया कि कोरोना के बाद हार्ट पेशेंट की संख्या ज्यादा बढ़ गई है। इसको देखते हुए प्रत्येक रविवार को ईसीजी की निःशुल्क जांच परवेज हॉस्पिटल की ओर से किया जाएगा। क्लब का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मानव की सेवा करना है। क्लब सचिव सुधीर कुमार गुप्ता ने बताया कि डायबिटीज़ एवं हार्ट संबंधी ग्रसित लोग अंजान बने रहते हैं, जिस कारण उसका शरीर दिन प्रतिदिन और बीमार होते जाता है। इसी उद्देश्य से क्लब द्वारा डायबिटीज़ एवं ईसीजी जांच कैंप का आयोजन किया गया और आगे भी महीना के पहला एवं तीसरा रविवार को डॉ परवेज हॉस्पिटल एवं दूसरा और चौथा रविवार को लाइव सपोर्ट डायग्नोस्टिक लैब गांधी कॉम्प्लेक्स, भाजपा कार्यालय के बगल में ईसीजी एवं डायबिटीज जांच कैंप लगाया जाएगा। मौके पर जोनल चेयर पर्सन लायन सुधांशु रंजन, कोषाध्यक्ष अमित कुमार सेन, उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, मनोज जायसवाल, महेशचंद्र लाल, डॉ. सच्चिदानंद पटेल, विजय कुमार सिंह, अनिल कुमार वर्मा, संजीव कुमार, लोकेश गुप्ता, आदित्य कुमार सिंह, राम प्रकाश सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क प्लेटफार्म के सदस्य कर रहें है लोगों को जागरूक

• सर्वजन दवा सेवन को सफल बनाने में सहयोग कर रहें है शिक्षक एवं राशन डीलर
• "हमनी के दवा खइले रहती त आज इ बीमारी ना भइल रहित

चाणक्य भूमि । बेतिया

जिले में आगामी 10 फ़रवरी से शुरू हो रहे सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम के संदेश को जन- जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के फाइलेरिया मरीजों ने भी जन समुदाय को जागरूक करने की ठान लीं है, जिले के सदर प्रखंड, बंजरिया, पिपरा कोठी के फाइलेरिया मरीजों ने नेटवर्क बनाकर स्थानीय स्तर पर बैठक कर एवं घर- घर घूमकर लोगों को जागरूक कर रहें है। साथ ही सरकारी व प्राइवेट स्कूल कोचिंग जाकर शिक्षकों व बच्चों को सर्वजन दवा सेवन करने हेतु शपथ दिलवा रहे है। साथ ही जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों व जनप्रतिनिधियों से जागरूकता में सहयोग की अपील कर रहे है। ज्ञात हो कि पेशेंट नेटवर्क का गठन सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च संस्था के सहयोग से किया गया है। मोतिहारी सदर प्रखंड क्षेत्र के ढेकहा कर्नकुइया, मधुबनी घाट वार्ड नंबर 1 मे (एनटीडी) दिवस के अवसर पर फाइलेरिया पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क प्लेटफार्म - "दयानिधि" के महिला सदस्यों संगीता देवी ,गीता देवी द्वारा आशा दीदी की मौजूदगी में वार्ड संख्या 09 मे सुबह मे घर- घर घूमकर लोगों को आगामी 10 फरवरी से शुरू होने वाले सर्वजन दवा सेवन अभियान के दौरान फाइलेरिया रोधी दवा खुद खाने और अपने परिवारजनों को भी दवा सेवन के लिए जागरूक किया। इस दौरान कई ग्रामीणों ने बताया की हमलोगों को दवा नहीं मिली इसलिए दवा का सेवन नहीं किए, अब आशा दीदी ज़ब दवा लेकर आएगी तो दवा जरूर खाएंगे। वहीं पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क प्लेटफार्म की सदस्य सविता देवी, धर्मशिला देवी ने मधुबनीघाट के वार्ड संख्या 01 मे मजदूरी करने वाले लोगों को सर्वजन दवा सेवन करने हेतु प्रेरित किया। जहाँ उपस्थित लोगों ने दवा खाने की बात स्वीकारी।




**फाइलेरिया से बचने के लिए सर्वजन दवा का सेवन जरूरी है:** पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क प्लेटफार्म दयानिधि" के महिला सदस्यों संगीता देवी, गीता देवी ने स्थानीय भाषा भोजपुरी मे कहा की "हमनी के दवा खइले रहती त आज इ बीमारी ना भइल रहित,,,ऐसे बचें ला अपन लोग दवा खाई, तबे हाथी पाँव से बचेम,,, घर के आसपास साफ सफाई रखूं,, मच्छर दानी लगाकर सोइ।ज़ब आशा आए त दवाई खाई। स्थानीय मुखिया होरिलाल सहनी व वार्ड पार्षद ने भी ग्रामीणों से दवा खाने की अपील की।**सर्वजन दवा का सेवन कर ही फाइलेरिया रोग से बचा जा सकता है:** जिले के डीभीडीसीओ डॉ शरत चंद्र शर्मा ने बताया की जिले में आगामी 10 फरवरी से एमडीए कार्यक्रम की शुरुआत हो रही है जिसमे पहले तीन दिन स्कूलों में बूथ लगाकर बच्चों व शिक्षकों को दवा खिलाई जाएगी वहीं अगले 14 दिन आशा कार्यकर्ता व स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर घूम कर निर्धारित उम्र के अनुसार लोगों को डीसी एवं एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी, यह दवा का सेवन करना बहुत जरूरी है, सर्वजन दवा का सेवन कर ही (हाथी पांव ) फाइलेरिया रोग से बचा जा सकता है जागरुकता कार्यक्रम में पेशेंट प्लेटफार्म के सदस्यसविता देवी, धर्मशिला देवी, संगीता देवी ,गीता देवी, नगिया देवी प्रमिला देवी, जैलासी देवी, व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# अज्ञात शव बरामद पुलिस जाँच में जुटी



चाणक्य भूमि । बेतिया

बानुछापर ओपी पुलिस ने शुक्रवार जौलीग्रांड होटल के पास रेलवे ट्रैक से एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया है।लाश का सिर कटा होने की वजह से उसकी पहचान नहीं की हो सकी है। सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा कर पहचान के लिए सुरक्षित रखा है। सूत्रों का मानना है कि युवक की कहीं अन्यत्र हत्या कर अपराधियों ने शव को लाकर रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया है पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।जल्द ही मामले का खुलासा होने की उम्मीद है।






# संतोष कुमार शर्मा ने थानाध्यक्ष के रूप में योगदान दिया

चाणक्य भूमि । बेतिया (अब्दुल बासित)

संतोष कुमार शर्मा ने थानाध्यक्ष के.रूप में लौरिया थाना में योगदान दिया। इसके बाद वे रविवार को थानाक्षेत्र के सामाजिक और बुद्धिजीवियों के साथ एक बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि मेरा पहला प्रयास है कि थानाक्षेत्र की जनता का विश्वास जीतना और उनके द्वारा दी गई जानकारी को सुनना, समझना और अमल करने योग्य सुझाव हुआ तो उसका निराकरण करना। नवागत थानाध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि चांडाल चौक, बनकटवा, बसवरिया, लिपनी, मटियरिया चौक पर पुलिस सहायता वाला बैरिकेट लगाने की कोशिश करूंगा। यह सभी क्षेत्र दुर्घटना वाला जोन है। यह बैरिकेट लग जाएगा तो दुर्घटना की आशंका कम होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बिना काम के थाना आना या किसी की पैरवी करने वाले, किसी को फंसाने वाले व्यक्ति पर मेरी पैनी नजर रखेगी। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में ईमानदारी पूर्वक लोगों का कार्य होगा और मैं सबको साथ



लेकर चलने का कार्य करूंगा। इसके बाद आए सभी व्यक्तियों का परिचय हुआ। सभी ने थाना को सहयोग देने का आश्वासन दिया। मौके पर प्रखंड प्रमुख शंभू तिवारी, ब्रजकिशोर मिश्रा urf बड़ाबाबु मिश्रा,मुखियासंघ के अध्यक्ष संजय पाठक, कन्हैया प्रसाद कुशवाहा, शैलेश कुमार, ईतेखाब अहमद ऊर्फ गोलू बाबू ,जहीर अंसारी,, मो बैदुललाह हरीन्द्र सिंह, मालिक पांडे कुमार, हरिकेश्वर शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## होमगार्ड के अभ्यर्थियों की मेघा सूची जारी

चाणक्य भूमि । बेतिया

बारह वर्षों के लंबे इंतजार के बाद होमगार्ड अभ्यर्थियों की मेघा सूची जारी कर दी गई। कुल 275 सीटों के बहाली के विरुद्ध 218 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है चाणक्य भूमि बेतिया। करीब बारह वर्षों पुर्व सरकार द्वारा होमगार्ड की बहाली के लिये आवेदन लिया गया था लंबे इंतजार के बाद इन अभ्यर्थियों के बीच खुशी की लहर है। 275 सीटों के विरुद्ध मात्र 218 अभ्यर्थियों की मेघा सूची का प्रकाशन किया गया है। सभी अभ्यर्थियों के कागजातों की जाँच के बाद उन्हें प्रशिक्षण के लिये भेजा जाएगा। जिला समादेष्टा अनिल कुमार के अनुसार जो पद खाली रह गये है उसकी वज़ह आरक्षण है क्यूंकि जिस कोटि में बहाली होनी थी उस कोटि के उम्मीदवार थे ही नहीं। आपको बता दें कि पिछले बारह वर्षों से बहाली की प्रकिया रुकी हुई थी जो पिछले अक्टूबर महीने में प्रक्रिया पुनः शुरू हुई थी और अब जाकर इसका परिणाम सामने आया है।















## मझौलिया में नये पुलिस निरीक्षक ए के मिश्र ने किया योगदान



चाणक्य भूमि । बेतिया (कनकलता)

**बेतिया**।मझौलिया पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष के पद पर अखिलेश कुमार मिश्र ने रविवार को मझौलिया थाना में योगदान किया। इसके पूर्व अभय कुमार यहां पदस्थापित थे,जिनका तबादला रेल पुलिस निरीक्षक मुज़फ़्फ़रपुर में हुआ है।योगदान के साथ उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधी पर अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।उन्होंने कहा कि कोई भी फरियादी उनसे सीधे मिल सकता है।योगदान के बाद उन्होंने थाना में पदस्थापित कर्मियों के साथ परिचय प्राप्त किया।कई जन प्रतिनिधि भी उनसे मिले।इसके बाद हल्का चौकीदारो से क्षेत्रवार भौगोलिक स्थिति की जानकारी ली।उन्होंने बताया कि वे सुगौली और मोतिहारी में रह चुके है।उन्होंने सरकार के निर्देशों को सख्ती से पालन करने की बात कही ।उन्होंने कहा कि शराब बंदी कानून का सख्ती से पालन किया जायेगा।शराब और शराबियों से कोई समझौता नही होगा।बिचौलियों पर पैनी नजर रहेगी।बताते चले किमझौलिया थाना जिला का सबसे बड़ा थाना है।एनएच 727 के नानोसती चौक पर एक पुलिस चौकी बनी है।सरिसवा में प्रस्तावित नयी पुलिस चौकी की स्थापना अबतक नही हुई है।एसएचओ ने थाना में उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली।उन्होंने कहा कि सरकार के शराबबंदी कानून का पालनकिया जायेगारात्रि गस्ती और बैंको की सुरक्षा बढ़ाई जायेगी।उन्होंने सूचना तंत्र को मजबूत करने की बात कही।

# जिलाधिकारी ने बगहा के इंटरमीडिएट परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

**निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक, बगहा, एसडीएम, बगहा सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी रहे मौजूद**
**उन्होंने सीटिंग प्लान, फ्रिक्सिंग स्थल, सीसीटीवी कैमरा, वीडियोग्राफी, साफ-सफाई आदि का लिया गया जायजा**

चाणक्यभूमि । बेतिया

जिलाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय, पुलिस अधीक्षक, बगहा, श्री सुशांत कुमार सरोज, एसडीएम, बगहा, डॉ0 अनुपमा सिंह द्वारा परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्लस टू प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, प्लस टू राजकीयकृत डी एम एकेडमी, राजकीय मध्य विद्यालय, नरईपुर, नॉर्थ बिहार सुगर मिल्स प्लस टू उच्च विद्यालय नरईपुर, बाबा भूतनाथ महाविद्यालय सहित अन्य विद्यालयों का निरीक्षण किया गया तथा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, केन्द्राधीक्षक एवं वीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस क्रम में जिलाधिकारी द्वारा सीटिंग प्लान, फ्रिक्सिंग स्थल, सीसीटीवी कैमरा, वीडियोग्राफी, साफ-सफाई, अन्य मूलभूत सुविधाओं आदि का जायजा लिया गया। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त पायी गयी। परीक्षा का संचालन स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त पाया गया। डी एम एकेडमी के केंद्राधीक्षक को परीक्षा कक्ष में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था करने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा परीक्षा कार्य में संलग्न सभी केन्द्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों, उड़न दस्ता दल के दंडाधिकारियों, पुलिस बल के जवानों



आदि को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों का अशरक्षः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि हर हाल में शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त परीक्षा का संचालन किया जाय। कदाचार में शामिल छात्र-छात्राओं सहित अन्य व्यक्तियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाय। उनके विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जाय। ज्ञातव्य हो कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2024 दिनांक-01.02.2024 से प्रारंभ होकर 12.02.2024 तक संचालित होगी। परीक्षा दो पाली (प्रथम पाली 09.30 बजे पूर्वाह्न से 12.45 बजे अपराह्न तक एवं द्वितीय पाली 02.00 बजे अपराह्न से 05.15 बजे अपराह्न तक) में सम्पन्न होगी। प्रथम पाली के परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के समय पूर्वाह्न 09.30 बजे से 30 मिनट पूर्व अर्थात पूर्वाह्न 09.00 बजे तक तथा द्वितीय पाली के परीक्षार्थी को द्वितीय पाली की परीक्षा प्रारंभ होने के समय अपराह्न 02.00 बजे से 30 मिनट पूर्व अर्थात 01.30 बजे अपराह्न तक ही परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति है। विलम्ब से आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति नहीं है। पश्चिम चम्पारण जिला/अनुमंडल मुख्यालय में कुल-53 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। जिनमें बेतिया अनुमंडलीय मुख्यालय अंतर्गत 34, बगहा अनुमंडलीय मुख्यालय अंतर्गत 10 एवं नरकटियागंज अनुमंडलीय मुख्यालय अंतर्गत 09 परीक्षा केन्द्र शामिल हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, बगहा, श्री सुशांत कुमार सरोज, एसडीएम, बगहा, डॉ0 अनुपमा सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बगहा, श्री कुमार देवेन्द्र, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, श्री कुमार रविन्द्र, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, श्री सुजीत कुमार सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714